CONFIDENCE PROJECT

Ver. Mar.31/23

क्या आप गर्भधारण किए हुए हैं, गर्भधारण करने की योजना बना रहे/रही हैं या हाल ही में आपको बच्चा हुआ है?

जब हम उसकी सुरक्षितता के बारे में दीर्घकालीन डेटा की प्रतीक्षा कर रहे हों, तब गर्भधारण किए हों या स्तनपान करा रहे/रही हों/खुद का दूध पिला रहे/रही हों, उस दौरान कोविड-19 का वैक्सीन लगवाने का निर्णय मुश्किल हो सकता है।

हम आशा करते हैं कि यह इन्फोग्राफिक आपके लिए जो सही है, उसके बारे में एक सूचित निर्णय लेने में आपकी मदद करेगा।

जिन्हें वैक्सीन न लगा हो ऐसे गर्भधारण किए हुए महिलाओं/व्यक्ति और उनके शिशु जिन्हें कोविड-19 हो जाता है, वे गंभीर बीमारी या मृत्यु के उच्चतर जोखिम में होते हैं।

जहाँ कोविड-19 का वैक्सीन लगवाने से आपको वायरस लगने से नहीं रोका जा सकता, यह आपके गर्भपात हो जाने, मरे हुए बच्चे को जन्म देने, समय से पहले जन्म देने और आपके शिशु को इन्टेन्सिव केयर यूनिट (NICU) में भरती करना जोखिम को कम कर सकता है। वैक्सीन आपको न्यूमोनिया होने, अस्पताल में भरती करने पड़ने, आपके लिए साँस लेने के लिए मशीन की ज़रूरत पड़ने या मरने की संभावना को भी कम कर सकता है।

जब आप गर्भधारण किए हों उस दौरान कोविड-19 का वैक्सीन लगवाते/लगवाती हैं, तब आपका शरीर एंटीबॉडीज़ बनाता है जो आपके शिशु की बीमार होने से रक्षा करता है।

गर्भावस्था के किसी भी चरण पहले, दौरान या बाद में वैक्सीन लगवाना सुरक्षित है। यह सिफारिश केनेडा में 100,000 से अधिक गर्भधारण किए व्यक्तियों और दुनियाभर के कई हज़ार से अधिक लोगों से प्राप्त साक्ष्य पर आधारित है।

स्वास्थ्य पेशेवरों के समूह* गर्भधारण की योजना बनाने के दौरान, सगर्भावस्था के दौरान या फिर स्तनपान कराने/अपना दूध पिलाने के दौरान वैक्सीन लगवाने की दृढ़तापूर्वक सिफारिश करते हैं। आपके और आपके शिशु के लिए जोखिम से फायदे कहीं ज्यादा हैं।

* Society of Obstetricians & Gynaecologists of Canada (SOGC), Public Health Agency of Canada (PHAC), College of Family Physicians of Canada (CFPC), Canadian Association of Midwives (CAM), National Advisory Committee on Immunization (NACI)

McMaster University | Obstetrics & Gynecology

health nexus santé

Financial contribution from
Avec le financement de

Public Health Agency of Canada | Agence de la santé publique du Canada

CONFIDENCE PROJECT

क्या कोविड-19 वैक्सीन मेरे लिए सुरक्षित है?

टीके के दुष्प्रभावों में इंजेक्शन के स्थान पर दर्द, सूजन या लालिमा, बुखार, थकान, सिरदर्द, माँसपेशियों का दर्द, उलटी/दस्त और जोड़ों का दर्द शामिल हैं। ये लक्षण होने और उनकी गंभीरता की संभावना गर्भधारण किए और न किए हुए महिलाओं/व्यक्तियों में एक जैसी ही है।

सगर्भावस्था के दौरान वैक्सीन लगवाने से आपका गर्भपात होने, या आपके शिशु के किसी क्षति के साथ जन्म लेने या आपकी सगर्भावस्था या आपके शिशु को कोई अन्य जोखिम नहीं बढ़ता है।

टीकाकरण से गंभीर जटिलताएं जैसे कि जान को जोखिम में डालने वाली एलर्जी वाली प्रतिक्रियाएं, मायोकार्डाइटिस या पेरिकार्डाइटिस (हृदय की माँसपेशी या हृदय के आसपास की लाइनिंग में सूजन) खून के थक्के और माँसपेशियाँ कमज़ोर हो जाना या लकवा हो जाना बहुत ही विरले होती हैं।

अगर मैंने वैक्सीन लिया हो, तो क्या मेरे शिशु को स्तनपान कराना/मानव दूध पिलाना सुरक्षित है?

आप कोविड-19 का वैक्सीन लेने के बाद सुरक्षित रूप से स्तन/छाती का दूध पिला सकते/सकती हैं। जिन्हें सगर्भावस्था के दौरान या बाद में वैक्सीन मिला हो ऐसे व्यक्तियों के मानव दूध पर किए गए अध्ययन दिखाते हैं कि (अगर ऐसा हो तो) बहुत कम मात्रा में वैक्सीन मानव दूध में गुज़रता है।

क्या वैक्सीन मेरे मासिक चक्र या बच्चा पैदा करने की क्षमता को प्रभावित करेगा?

COVID-19 वैक्सीन लगवाने से मासिक अवधियों के बीच का वक्त एक या दो दिन बढ़ सकता है और रक्तस्त्राव का पैटर्न ज़रा सा बदल सकता है। तथापि ये परिवर्तन वैक्सीन लगवाने के कुछ महीनों बाद तक ही रहते हैं। ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि वैक्सीन आपको बंध्य बनाता है या आपके गर्भधारण करने की संभावनाओं को घटाता है।

McMaster University | Obstetrics & Gynecology

health nexus santé

Financial contribution from
Avec le financement de

Public Health Agency of Canada | Agence de la santé publique du Canada